आज का मौसम | 50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | मूल्य 2/- | यह मुजफ्फरनगर है।

सूर्योदय 6:05 सूर्यास्त 6:19

तापमान
अधिकतम 31.8
न्यूनतम 24.4

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सपा से नियमों का पालन करने की अपेक्षा कल्पना से परे है : योगी



क्या नियम तोड़ने वालों को आपसे क्षमा की अपेक्षा करनी चाहिए?......

वर्ष-50 | अंक-260 | मंगलवार 20 सितम्बर, 2022 | आश्विन, कृष्ण पक्ष, दशमी, सम्वत् 2079 | पृष्ठ-4

# मखियाली प्रधान के घर दिन-दहाड़े लाखों की लूट

➲राशन कार्ड बनवाने के नाम पर आए दो बदमाशों ने तमंचे और चाकू के बल पर दिया वारदात को अंजाम
➲७५ हजार की नकदी और सोने के जेवरात लूटकर बदमाश जाते समय महिला प्रधान को कर गए बेहोश

मुजफ्फरनगर, १६ सितम्बर (बु.)। अग्निवीर भर्ती की तैयारियों में जुटी पुलिस को बदमाशों ने बड़ा झटका दिया है। नई मंडी के मखियाली गांव की प्रधान वीना कश्यप को आतंकित कर बदमाशों ने एक लाख की नकदी समेत कई लाख के जेवरात लूट लिए जाते समय बदमाश प्रधान को बेहोश कर फरार हो गये। एसएसपी विनीत जायसवाल ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर पीड़ित प्रधान



के बयान दर्ज किये। इस मामले के खुलासे को एसओजी और मंडी पुलिस की कई टीमों का गठन किया गया है।

नई मंडी कोतवाली के मखियाली गांव प्रधान वीना कश्यप के आवास पर लूटपाट की यह वारदात घनी आबादी के बीच हुई। इस कारण आस–पास के लोग दहशत में हैं। दरअसल सोमवार सुबह को बच्चों के स्कूल जाने के बाद प्रधान घर में अकेली थी। दोपहर में १२ बजे के करीब दो युवकों ने प्रधान के घर पर दस्तक दी। इन युवकों ने राशन कार्ड फार्म पर हस्ताक्षर की बात कही, तो प्रधान वीना कश्यप ने दोनों को बैठक के अंदर बुला लिया। प्रधान फार्म पर साइन करने के लिए पैन लेने अंदर गई, तो पीछे से आए दोनों बदमाशों ने तमंचा और चाकू निकालकर उन्हें अपने कब्जे में कर लिया। बदमाशों ने पहले प्रधान द्वारा पहने गए सोने के जेवरात उतरवा लिये। बदमाशों ने धमकी देकर अंदर रखे हुई नकदी और जेवरात लूट लिये। बदमाश जाते समय प्रधान वीना कश्यप को बेहोश कर फरार हो गये। प्रधान का भतीजा श्रवण आया तो अपनी बुआ वीना को बेहोश देखकर उसका माथा ठनक गया। चिकित्सक को बुलाकर उनको उपचार दिलाया। होश में आने पर प्रधान वीना देवी ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। दिन–दहाड़े लूटपाट की खबर से हड़कंप मच गया। एसएसपी विनीत जायसवाल और सीओ हिमांशु गौरव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने पीड़ित प्रधान से बात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। सीओ हिमांशु गौरव ने बताया कि चोरी की घटना हुई हैं। प्रधान की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना के खुलासे के लिए दो टीमों का गठन किया गया हैं। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जायेगा।

### पांच मिनट का टाइम है, जो है दे दो

मुजफ्फरनगर। पीड़ित प्रधान बीना कश्यप ने बताया कि दोनों बदमाशों की उम्र २५ के करीब है। उनकी भाषा भी स्थानीय लग रही थी। इसलिए उन्हें शक नहीं हुआ। अंदर जाते समय बदमाशों ने शस्त्रों के बल पर ७५ हजार रुपये कैश, बच्चों की गुल्लक से ३५ हजार, दो तोले की चेन, दो सेट गले के, दो कंगन सोने के और २ जोड़ी झुमके लूट लिये। बदमाशों ने धमकी दी थी कि उनके पास ५ मिनट का टाइम है। घर में जो भी नकदी और जेवरात है, वो लाकर दे दो। यदि उनकी तलाशी में कुछ मिला, तो उनसे बुरा कुछ नहीं होगा। इस कारण डर के मारे बदमाशों को सबकुछ दे दिया।

### कहां से आए बदमाश और कहां से गये

मुजफ्फरनगर। महिला प्रधान से लूटपाट करने आए बदमाश कहां से आए और कहां से गये, यह पता नहीं चल पाया है। आस–पास रहने वाले तमाम लोग अनभिज्ञता जताते रहे कि उन्होंने किसी संदिग्ध को गली में आते हुए नहीं देखा है। महिला प्रधान के बेहोश होने का बदमाशों ने पूरा फायदा उठाया है। प्रधान बीना करीब डेढ़ घण्टे तक मकान में बेहोश पड़ी रही। होश में आने के बाद लूटपाट का पता चला। तब तक बदमाशों को काफी दूर निकल जाने का मौका मिल गया।



मखियाली में ग्राम प्रधान के घर लूट के बाद घर पर जमा भीड़, चोरों द्वारा फोड़ी गयी गुल्लक, मामले की पीड़ितों से पूछताछ करने पहुंची पुलिस व अस्त–व्यस्त पड़ा घर का सामान। फोटो बुलेटिन

# पांच वर्ष पूर्व प्रेम विवाह करने वाली महिला की हत्या

➲पांच वर्ष पूर्व महिला ने किया था प्रेम विवाह ➲मृतका के परिजनों का पति व ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप

### आये दिन पति करता था मारपीट

मीरापुर, १६ सितम्बर (बु.)। महिला की हत्या के बाद उसका पति उमर मोहम्मद व अन्य ससुराल वाले मौके से फरार हो गए, जिसके बाद मौके पर पहुँची पुलिस को आसपास के लोगों ने बताया कि मृतका का पति आये दिन उसके साथ गाली–गलौज व मारपीट करता था।

### नहीं होने दी किसी को हत्या की जानकारी

मीरापुर, १६ सितम्बर (बु.)। हत्या की सूचना पर सुबह करीब साढ़े सात बजे पुलिस व मृतका के रिश्तेदार मौके पर पहुँचे तथा मशरूफा के शव को देखा, तो उसका शरीर अकड़ा हुआ था, जिससे स्पष्ट रूप से पता चल रहा था कि हत्या रात्रि में ही कर दी गई थी, किन्तु आरोपियों ने सुबह तक भी किसी को उसकी मौत की खबर नहीं होने दी।

### आत्महत्या की अफवाह फैलाने का प्रयास किया

मीरापुर, १६ सितम्बर (बु.)। मशरूफा की मौत के बाद आरोपियों ने उसे आत्महत्या दर्शाने के लिए गांव में आत्महत्या करने की बात फैलाई, किन्तु मृतका का शव चारपाई पर पड़ा मिला तथा उसके गले पर गला घोंटने के निशान साफ दिखाई दे रहे थे और पूरे घर में लटककर फाँसी लगाने का कोई निशान नहीं मिला, जिससे स्पष्ट हुआ कि उसकी हत्या ही हुई है।

### पुलिस आने से फरार हुए आरोपी

मीरापुर, १६ सितम्बर (बु.)। महिला की मौत की सूचना पर जब उसकी बुआ व अन्य रिश्तेदार मौके पर पहुँचे, तब तक आरोपी पति व अन्य लोग घर में ही थे, किंतु जैसे ही पुलिस को हत्या की सूचना दी, तो आरोपी फरार हो गए।

मीरापुर, १६ सितम्बर (बु.)। गांव कुतुबपुर में एक महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी गई हत्या के बाद मृतका का पति व अन्य ससुराल पक्ष के लोग शव को घर में पड़ा छोड़कर फरार हो गए। महिला ने पांच वर्ष पूर्व अपने भाई के दोस्त से प्रेम विवाह किया था। महिला की मौत की सूचना पर पहुँचे मायके वालों ने पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों पर फांसी लगाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर मीरापुर इंस्पेक्टर भारी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुँच गए। सीओ व तहसीलदार भी मौके पर पहुँच गए। शामली जनपद के झिंझाना थानाक्षेत्र के गांव अम्बहेटा रिंदान निवासी शौकीन राजपूत की पुत्री मशरूफा (२६) ने करीब पांच वर्ष पूर्व अपने भाई रहुपआलम के दोस्त मीरापुर थानाक्षेत्र के गांव कुतुबपुर निवासी उमर मोहम्मद उर्फ सोनू के साथ घर से भागकर प्रेम विवाह किया था, जिसके बाद



महिला की हत्या के बाद मौके पर मौजूद सीओ व तहसीलदार परिजनों से बात करते।

परिजन उससे नाराज हो गए थे, किन्तु कुछ समय बाद परिजन भी सहमत हो गए थे। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद तक तो सब कुछ ठीक रहा, किन्तु उसके बाद उमर मोहम्मद आये दिन मशरूफा के साथ मारपीट करने लगा तथा उससे दहेज की मांग करने लगा। इसी बीच दोनों को दो बच्चे राहत(३ वर्ष) व एक ३ माह की बच्ची भी हुई। मृतका के भाई रहुफ का आरोप है कि मशरूफा के ससुराल वाले आये दिन उसके साथ मारपीट करने लगे। सोमवार की सुबह मशरूफा का शव घर मे चारपाई पर पड़ा मिला तथा उसके गले में चोट के ऐसे निशान थे। जैसे उसे फांसी का फंदा लगाकर मारा गया हो। मशरूफा की हत्या की जानकारी किसी पड़ोसी ने फोन पर पास के ही गांव खेड़ीसराय में रहने वाली उसकी बुआ हूरों व उसके पुत्र जान मोहम्मद को दी, जिसके बाद वह लोग मौके पर पहुँच गए तथा उसके पति व अन्य



विलाप करते परिजन व मृतका के बच्चें।

ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। इसी बीच ससुराल पक्ष के लोग मौके से फरार हो गए। सूचना पर मीरापुर इंस्पेक्टर विनोद कुमार

शेष : पृष्ठ ४ पर

### अलग रहने वाली सास व देवरों को भी किया नामजद

मीरापुर, १६ सितम्बर (बु.)। ग्रामीणों के अनुसार मृतका मशरूफा की ससुराल में पति उमर मोहम्मद के अलावा जेठ आस मो०, दो देवर परवेज व सुएब तथा ससुर इस्लामुद्दीन व सास मूना है, जिसमें जेठ आस मो., ससुर इस्लामुद्दीन व मृतका का पति उमर मो एक साथ एक घर में रहते हैं, जबकि सास मूना व दोनों देवर वर्षों से अलग मकान में पड़ोस में ही रहते हैं। इतना ही नही सास मूना की अपनी मृतका बहु मसरूफा व पुत्र उमर मोहम्मद से काफी समय से बोलचाल भी नहीं थी और दोनों देवर दिल्ली रहकर नोकरी करते है, किन्तु परिजनों ने इसके बाद भी उन्हें नामजद करा दिया।

## यूपी नहीं, देश के अवैध मदरसों की जांच में खुलेंगे राज : संगीत सोम



➲पूर्व विधायक संगीत सोम रोड जाम के पुराने मुकदमें में कोर्ट में हुए पेश

मुजफ्फरनगर, १६ सितम्बर (बु.)। सरधना क्षेत्र के पूर्व विधायक संगीत सोम ने कहा कि यूपी में ही नहीं पूरे देश में चल रहे अवैध मदरसों की जांच जरूरी है। जांच में आतंकवादी से गठजोड़ और सरकारी जमीन पर कब्जे के अनगिनत राज खुद ही खुल जायेंगे। विधायक संगीत सोम सोमवार को १७ मार्च २००६ को सिविल लाईन क्षेत्र में रोड़ जाम करने के मुकदमें में कोर्ट में पेश हुए। पूर्व विधायक सोम पहले सीधे अपने अधिवक्ता अनिल जिंदल की सीट पर पहुंचे। जिंदल से मंत्रणा करने के बाद सोम कोर्ट में पेश हुए। इस दौरान मुकदमा दर्ज कराने वाले तत्कालीन टीआई हरमीत सिंह के बयान दर्ज हुए। अगली सुनवाई के लिए २७ सितम्बर की तिथि मुकर्रर हुई है। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व विधायक संगीत सोम ने कहा कि वो तो लम्बे समय से मदरसों की जांच की मांग करते आ रहे हैं। क्योंकि इन मदरसों में आतंकवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह सर्वे तो बहुत पहले हो जाना चाहिए था। जमीनों की जांच में साफ हो जायेगा कि अधिकांश मदरसें सरकारी जमीनों पर कब्जे करके बनाये गये हैं। जिन सरकारी जमीनों पर अवैध मदरसें बने हैं, उन्हें तत्काल खाली कराने की जरूरत है। साथ ही उन मदरसों को तत्काल बंद किया जाये, जिनमें आतंकवादी गतिविधियां चल रही है। कांग्रेस के राजकुमार राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की चुटकी लेते हुए संगीत सोम ने कहा कि भारत को जोड़ने से पहले राहुल गांधी अपने परिवार और

शेष : पृष्ठ ४ पर

### सब्जी मंडी में दिन दहाड़े लाखों के माल की चोरी

चरथावल, १६ सितम्बर (बु.)। स्थानीय मौहल्ला ढोलूखाल निवासी आशू थानाभवन रोड स्थित सब्जी मंडी में सब्जी की थोक आढ़त चलाता है। आरोप है कि सोमवार की दोपहर बारह बजे के करीब वो अपने गोदाम का ताला बंदकर घर खाना खाने गया तथा जब तीन बजे वापस आया, तो गोदाम का ताला टूटा हुआ था तथा गोदाम के अंदर से ढ़ाईसों (२५०) खाली कैरेट गायब थे। यह देखकर उसके होश उड़ गये। उसने आसपास के दुकानदारों से भी पूछताछ की, लेकिन कुछ न पता लगने पर पुलिस को सूचना दी, जिस पर पर पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुँच कर छानबीन शुरू कर दी। आशू ने बताया कि एक खाली कैरेट की कीमत एक हजार है। इस प्रकार उसे लाखों का नुकसान हुआ है। दिनदहाड़े सब्जी मंडी में लाखों के सामान की चोरी से पूरी मंडी में हड़कंप मचा हुआ है।

## सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

कैराना, 19 सितम्बर ( बु. )। देर रात बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसके बाद बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। रविवार की रात्रि करीब साढ़े 9 बजे मौहल्ला इकरामपुरा निवासी 25 वर्षीय आजम व 26 वर्षीय शादाब उर्फ बाबू एक बाइक पर सवार होकर शामली से वापस कैराना लौट रहे थे, तभी रास्ते में भास्कर इंटरनेशनल स्कूल के सामने अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को कैराना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया, जहां से गंभीर हालत के चलते दोनों को शामली हायर सेंटर रैफर किया गया। शामली के एक



मृतक युवक का फाइल फोटो

निजी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान शादाब उर्फ बाबू की मौत हो गई। वहीं घायल आजम को परिजन पानीपत निजी हॉस्पिटल में ले गए, जहां से उसे सहारनपुर रैफर किया गया। मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बताया गया है कि मृतक मेहनत मजदूरी करता था तथा वह अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। मृतक की पांच बहने हैं। देर रात मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद सोमवार सुबह कब्रिस्तान में गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक किया गया, वहीं घायल आजम की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। कार्यवाहक कोतवाली प्रभारी एसआई राधेश्याम ने बताया कि रात के समय अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को टक्कर मारी है। जिसमें एक युवक की मौत हो गई है। मामले में तहरीर आने पर कार्यवाही की जाएंगी।

### पलड़ी में चिकित्सक की दुकान सील, हड़कम्प

शाहपुर, १६ सितम्बर (बु.)। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कस्बे व गांव पलड़ी में संचालित अस्पताल व क्लिनिक पर छापेमारी की। इस दौरान टीम ने गांव पलड़ी में एक बिना बोर्ड लगी चिकित्सक की दुकान को सील कर दिया। छापामार कार्रवाई से चिकित्सकों में हड़कंप मचा हुआ है। कस्बे व देहात में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. एन.पी. सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कस्बे की बसी रोड व गांव पलड़ी में चल रहे अस्पताल व क्लिनिक पर छापेमारी की। स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही से अस्पताल संचालकों व क्लिनिक चलाने वाले चिकित्सकों में खलबली मच गई। आधा दर्जन से अधिक चिकित्सक अपने क्लिनिक बंद कर चले गये। टीम प्रभारी डॉ. एन.पी. सिंह ने बताया कि गांव पलड़ी में एक बिना बोर्ड लगी चिकित्सक की दुकान पर सील लगाई गई है। उन्होंने बताया कि कस्बे व क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित अस्पताल व क्लिनिक पर कार्यवाही जारी रहेगी।

## शाहपुर में आदमखोर कुत्तों का युवक पर हमला




शाहपुर, १६ सितम्बर (बु.)। कस्बे के मौहल्ला कस्सावान में आवारा कुत्तों ने एक युवक पर हमला कर घायल कर दिया। बताया जाता है कि मीट की दुकानों के बाहर मीट खाकर कुत्ते हिंसक हो रहे हैं, जिस कारण वे बच्चों पर हमला करने से नहीं चूक रहे हैं। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो भविष्य में बड़ी घटना घटित हो सकती है। कस्बे के मौहल्ला नूरबाफान निवासी २० वर्षीय युवक नदीम किसी कार्य से मौहल्ला कस्सावान में आ रहा था, जब वह मौहल्ले में पहुंचा, तो आवारा कुत्तों ने उसपर हमला कर दिया, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताते चलें कि परदेस में पिटबुल समेत कई अन्य कुत्तों के हमलों में बच्चों की जान तक जा चुकी है। वहीं गली मौहल्लों के आवारा कुत्ते भी अब हिंसक हो चुके हैं। शाहपुर में गली–गली खुली मीट की दुकानों के आसपास मंडराते यह कुत्ते मीट न मिलने पर अब इंसानों पर भी हमला करने लगे हैं। समय रहते यदि इस पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो निकट भविष्य में छोटे बच्चे इन आदमखोर कुत्तों का शिकार बन सकते हैं। नागरिकों ने प्रशासन से इस ओर ध्यान देने की मांग की है।

### प्रधान के कोरी जाति प्रमाणपत्र विवाद पर सुनवाई

मुजफ्फरनगर, 19 सितंबर ( बु. )। मण्डलीय अपीलीय फोरम के आदेश के क्रम में आज जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति की बैठक जिलाधिकारी कार्यालय में आहूत की गयी। इसमें जिलाधिकारी द्वारा धर्मेन्द्र कुमार, प्रधान बनाम श्रीमती मोनिका सिंह, कोरी जाति प्रकरण पर सुनवाई की गयी। समिति के सदस्यों द्वारा दोनों पक्षों को सुना गया तथा प्रकरण में वादी एवं प्रतिवादी द्वारा साक्ष्य प्रस्तुत किये गये। हालांकि इसमें कोई निर्णय डीएम द्वारा नहीं सुनाया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन के अलावा अपर जिलाधिकारी वित्त अरविन्द कुमार मिश्रा उपजिलाधिकारी सदर परमानन्द झा, उपजिलाधिकारी जानसठ अभिषेक कुमार एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाइक व नगदी की मांग पूरी न होने पर महिला को मारपीट कर किया घायल

### रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी ने कराया मेडीकल



बुढ़ाना, 19 सितंबर ( बु. )। अतिरिक्त दहेज में बाइक और 50 हजार रुपए की नगदी न मिलने पर दहेजलोभी ससुरालियों ने एक गर्भवती महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी ने घायल पीड़िता की मदद कर पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

मिली जानकारी के अनुसार सलीम पुत्र रियासत अली निवासी सठेड़ी रोड कस्बा बुढ़ाना सोमवार के दिन रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी के पास अपनी बेटी आसमीन के साथ रोते हुए पहुंचा और अपने साथ हुई ज्यादतियों के बारे में बताया तो रालोद नेत्री पीड़ित पक्ष को साथ लेकर बुढ़ाना कोतवाली पहुंची, तब वहां पर सलीम शेख ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि उसने अपनी बेटी आसमीन की शादी वसीम पुत्र आदिल निवासी ग्राम नाला कस्बा कांधला जनपद शामली के साथ लगभग एक वर्ष पूर्व की थी। उसकी बेटी आसमीन अब फिलहाल 08 माह की गर्भवती है। उसकी बेटी आसमीन का पति वसीम, ससुर आदिल, सास हसमती, जेठ आकिल और आसिफ व ननद तमन्ना ने उसकी बेटी आसमीन को लगभग 06 माह से अतिरिक्त दहेज में बाइक की मांग व 50 हजार रुपये की मांग को लेकर प्रताड़ित कर मारपीट कर रखी है। उनकी बेटी अपने परिवार की मान मर्यादा व अपने वैवाहिक जीवन को बचाने का लगातार प्रयास करती रही। उसने व उसके परिवार ने उनको कई बार समझाने का प्रयास किया लेकिन वे अपनी दहेज की मांग व बेटी आसमीन से मारपीट करते हैं। उन्होंने उनको भी कई बार धमकी दी कि हम तुम्हारी बेटी को जान से मार देंगे यदि हमारी मांग पूरी नही की। बीती 18 सितंबर को ससुरालियों ने एक राय होकर बेटी आसमीन का गला घोंटकर जान से मारने का प्रयास किया। जेठ आकिल और आसिफ ने आसमीन के सिर में धारदार हथियार से हमला किया। उसके बाद सभी ने एक साथ मिलकर मारपीट कर आसमीन को घायल कर दिया। किसी तरह आसमीन ने उसको फोन पर सूचना दी। तब आज आसमीन के परिजन बेटी की ससुराल पहुंचे और पुलिस को फोन किया। पुलिस ने अपनी सुरक्षा में लड़की आसमीन को पिता तथा परिवार वालो के साथ भेजा। घायल विवाहिता आसमीन की रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी ने खुद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना पहुंचकर डॉक्टरी कराई और बुढ़ाना पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग की। उधर दूसरी ओर बुढ़ाना पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कैप्टन अमरिंदर सिंह ने अपनी पार्टी का भाजपा में किया विलय

चंडीगढ़, 19 सितंबर ( वार्ता )। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने भाजपा का दामन थाम लिया। उन्होंने अपनी पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस का भी भाजपा के साथ विलय कर दिया। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, किरण रिजिजू, भाजपा नेता सुनील जाखड़ और भाजपा के पंजाब मुखिया अश्विनी शर्मा की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान केंद्रीय मंत्रियों ने उन्हें बुके देकर और माला पहनाकर स्वागत किया। पूर्व कांग्रेसी और पंजाब एसेंबली के डिप्टी स्पीकर अजायब सिंह भट्टी ने भी भाजपा ज्वॉइन कर लिया। इस मौके पर पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने पंजाब में पाकिस्तान से खतरे पर भी बात की। उन्होंने कहा कि चीन भी हमारे लिए लगातार खतरा बना हुआ है। उन्होंने कांग्रेस शासन के दौरान रक्षा मंत्री रहे एके एंटनी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि हथियारों की खरीद की दिशा में नहीं उठाया गया कदम। भाजपा देश की रक्षा के लिए काम कर रही है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभारी हूं।

## दो दिन की खामोशी के बाद बादल हुए मेहरबान: गिरा पारा, शहर हुआ बदहाल

मुजफ्फरनगर, 19 सितंबर ( बु. )। दो दिन की खामोशी के बाद आज दोपहर बाद फिर हुई अच्छी बारिश से शहर भीग गया। ऐसे में तमाम शहर में बारिश के बाद जल भराव से जूझता रहा और कीचड़ से स्थिति बेहद खराब हो गई। नगर में आज 10.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इसके साथ ही नगर में अधिकतम तापमान 31.8 और न्यूनतम 24.4 डिग्री रहा। लगातार तीन दिन अच्छी बारिश के बाद कल से बादल खामोश थे। आज भी सुबह से धूप और बादलों के चलते बारिश के आसार कम ही नजर आ रहे थे और इसके चलते मौसम में गर्माहट हो गई। लेकिन दोपहर बाद अचानक घुमड़े काले बादलों ने हल्की फुहारों के बाद रफ्तार पकड़ी तो काफी देर तक शहर के साथ आसपास तमाम स्थानों पर अच्छी बारिश हुई। शहर में गन्ना शोध केंद्र पर 10.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। बारिश के चलते जहां मौसम में बदलाव महसूस किया गया और गर्माहट से राहत मिली, वहीं एक बार फिर शहर का बदहाल रूप देखने को मिला। शहर की



सड़कों और उन पर बने गड्ढों में भरे पानी और कीचड़ ने शहर को बेहाल करके रख दिया। शिवचौक से जुड़े रास्तों पर जहां पानी और कीचड़ से हालात खराब थे, वहीं शहर के अन्य स्थानों के अलावा निचली आबादियों में एक बार फिर जल भराव और गंदगी के हालात नजर आए। अचानक आई बारिश के बाद बाजार में भगदड़ के हालात पैदा हो गए और लोगों को जहां तहां शरण लेनी पड़ी।



